बिहार सरकार

निर्वाचन विभाग

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय

7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना– 800015

दूरभाष सं0:– 0612–2217956
फैक्स:– 0612–2215611 / 2215978
ई–मेल:– **ceo_bihar@eci.gov.in**

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक :– 01.06.2024

- बिहार राज्य के सप्तम् चरण अन्तर्गत कुल 8 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों यथा– 29–नालंदा, 30–पटना साहिब, 31–पाटलिपुत्र, 32–आरा, 33–बक्सर, 34–सासाराम (अ०जा०), 35–काराकाट एवं 36–जहानाबाद में आज दिनांक 01.06.2024 को मतदान सम्पन्न हुए हैं, जिसमें मतदान केन्द्रों की कुल संख्या 16,634 तथा मतदान केन्द्र स्थलों की कुल संख्या 10,976 है तथा 50.56 प्रतिशत (06:00 बजे अपराह्न तक अनुमानित) निर्वाचकों द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया।
- लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 एवं 2019 में मतदान के प्रतिशत का तुलनात्मक विवरण :

संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का संख्या एवं नाम	लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 में मतदान प्रतिशत (06:00 बजे अपराह्न तक अनुमानित)	लोक सभा आम निर्वाचन, 2019 में मतदान प्रतिशत
29–नालंदा	46.50	48.77
30–पटना साहिब	45.00	45.67
31–पाटलिपुत्र	56.91	55.93
32–आरा	48.50	51.77
33–बक्सर	53.70	53.89
34–सासाराम (अ०जा०)	51.00	54.34
35–काराकाट	53.44	48.98
36–जहानाबाद	51.20	51.69
कुल प्रतिशत	**50.56**	**51.24**

- सप्तम् चरण के 8 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में कार्यरत Flying Squad, SST एवं अन्य एजेन्सियों द्वारा कुल ₹3.41 करोड़ नकद जब्त किया गया। इसी प्रकार Flying Squad, SST, उत्पाद विभाग तथा पुलिस द्वारा कुल 4,31,130 लीटर शराब जब्त किया गया है, जिसका मूल्य लगभग ₹15.52 करोड़ है।
- सप्तम् चरण के निर्वाचन में Reserve सहित कुल 20,436 कंट्रोल यूनिट, 28,267 बैलेट यूनिट तथा 22,156 VVPAT का उपयोग हुआ है, जिसमें 67 कंट्रोल यूनिट, 87 बैलेट यूनिट तथा 172 VVPAT मॉक पोल के दौरान बदले गये हैं। जबकि 36 कंट्रोल यूनिट, 52 बैलेट यूनिट तथा 169 VVPAT मॉक पोल के पश्चात बदले गये हैं।

- सप्तम् चरण के निर्वाचन में किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु 1 एयर एंबुलेंस की व्यवस्था की गयी।
- सामान्य प्रेक्षकों की संख्या – 8
- अभ्यर्थी व्यय अनुश्रवण हेतु प्रेक्षकों की संख्या – 8
- पुलिस प्रेक्षकों की संख्या – 5
- माइक्रो प्रेक्षकों की संख्या – 1,876
- मॉडल मतदान केन्द्रों की संख्या – 117
- पूर्णरूपेण महिलाओं द्वारा संचालित मतदान केन्द्रों की संख्या – 146
- PwD द्वारा संचालित मतदान केन्द्रों की संख्या – 56
- 7,878 मतदान केन्द्रों से लाईव वेबकास्टिंग किया गया है।
- सप्तम् चरण में कुल 134 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं, जिसमें पुरूष अभ्यर्थियों की संख्या 122 है तथा महिला अभ्यर्थियों की संख्या 12 है।
- सप्तम् चरण में कुल सामान्य निर्वाचकों की संख्या 1,62,04,594 है, जिसमें पुरूषों की संख्या 85,01,620, महिलाओं की संख्या 77,02,559 तथा Third Gender की संख्या 415 है।
- सप्तम् चरण में सेवा निर्वाचकों की कुल संख्या 65,158 है, जिसमें पुरूषों की संख्या 61,887 तथा महिलाओं की संख्या 3,271 है।
- बिहार राज्य के सप्तम् चरण में कुल 4 मतदान केन्द्रों पर विकास के विभिन्न मुद्दों पर मतदान बहिष्कार की सूचना प्राप्त हुई है।

क्र.सं.	लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र	विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र	मतदान केन्द्र संख्या
1	29–नालंदा	175–हिलसा	1
2	31–पाटलिपुत्र	190–पालीगंज	188
3	36–जहानाबाद	216–जहानाबाद	106 एवं 107

- नालंदा जिला में 478, पटना में 873, भोजपुर में 414, बक्सर में 128, कैमूर में 105, रोहतास में 716, अरवल में 76, औरंगाबाद में 64, जहानाबाद में 74 एवं गया में 145 अर्थात कुल 3,073 ऐसे मतदान केन्द्रों को चिन्हित किया गया, जहाँ अतिरिक्त कमरा अथवा शेड की व्यवस्था नहीं थी। मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गर्मी से बचाव हेतु ऐसे मतदान केन्द्रों पर शामियाना की व्यवस्था की गयी। साथ ही सप्तम् चरण के सभी मतदान केन्द्रों पर पीने का पानी, Dedicated Medical Staff, Quick Medical Team with ambulance आदि की व्यवस्था की गयी।

- 34–सासाराम (अ0जा0) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत 205–भभुआ, 206–चैनपुर, 207–चेनारी (अ0जा0) एवं 208–सासाराम विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा 35–काराकाट लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत 212–डिहरी, 213–काराकाट, 219–गोह एवं 221–नवीनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में लोक सभा निर्वाचन, 2019 में मतदान का समय पूर्वाह्न 07:00 से अपराह्न 04:00 बजे तक निर्धारित था। राजनैतिक दलों एवं अन्य हितधारकों के साथ विमर्श के उपरांत जिला निर्वाचन पदाधिकारी से प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में विद्यमान गर्मी के प्रकोप के दृष्टिगत उपरोक्त वर्णित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में से 206–चैनपुर के 53 एवं 207–चेनारी (अ0जा0) के 26 मतदान केन्द्रों पर पूर्वाह्न 07:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक तथा 219–गोह के 48 एवं 221–नवीनगर के 24 मतदान केन्द्रों पर पूर्वाह्न 07:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक मतदान का समय भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित किया गया है। इस प्रकार सप्तम् चरण अन्तर्गत 8 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के कुल 16,634 मतदान केन्द्रों में से मात्र 79 मतदान केन्द्रों पर पूर्वाह्न 07:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक एवं 72 मतदान केन्द्रों पर पूर्वाह्न 07:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक मतदान सम्पन्न कराया गया।
- आज मतदान के दौरान कुल 168 शिकायत प्राप्त हुए। उक्त सभी शिकायतों का ससमय निष्पादन कर दिया गया।
- बिहार विधान सभा का उप निर्वाचन, 2024 के अवसर पर 195–अगिआँव (अ0जा0) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल अभ्यर्थियों की संख्या 9 है। कुल निर्वाचकों की संख्या 2,72,603 है, जिसमें पुरूष 1,44,107, महिला 1,28,495 एवं Third Gender 1 है। 195–अगिआँव (अ0जा0) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत 46 रहा।
- आज मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ है।

****